आज झूम उठा शेयर बाजार

निवेशकों को 5 लाख का फायदा हुआ है

मुंबई, 10 अप्रैल. अमेरिका-ईरान के बीच स्थायी युद्ध विराम के लिए जारी वार्ता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आयी और बीएसई का सेंसेक्स 918.60 अंक (1.20 प्रतिशत) चढ़कर 77,550. 25 अंक पर पहुंच गया.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त में 24,050.60 अंक पर बंद हुआ. यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है. अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान में आज से हो रही वार्ता से बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली है. चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ. आईटी की 1.91 फीसदी की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे. ऑटो में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की तेजी रही. बैंकिंग, वित्त और रियलटी सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत चढ़े.

> सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ. आईसीआईसीआई बैंक में भी तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गयी. निवेशकों को 5 लाख का फायदा हुआ है. महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े. अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए. इटरनल, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे. सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया.

कारोबार में रुपया हुआ तीन पैसे मजबूत

मुंबई, 10 अप्रैल. अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद रुपया अंत में तीन पैसे चढ़कर 92.51 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 52 पैसे की मजबूती के साथ 92.54 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी. रुपये पर आज शुरुआती कारोबार में दबाव देखा गया. यह 10 पैसे की गिरावट में 92.64 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. दोपहर के बाद एक समय यह 92.92 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था. लेकिन बाद में वापसी करते हुए 92.51 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने आज पूंजी बाजार से 18 करोड़ डॉलर निकाले. पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद गुरुवार को कच्चे तेल में तेजी रही.

आईटीआर 1 फार्म में दिखा सकते हैं दो मकान

इस साल आईटीआर पुराने कानून से भरे जाएंगे

जल्द ही फाइलिंग की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद

नई दिल्ली, 10 अप्रैल. आर्थिक वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग का इंतजार अब खत्म होने वाला है. इनकम टैक्स डेपोरटेन्मेंट ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आईटीआर फॉर्म जारी कर दिए हैं. और जल्द ही फाइलिंग की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है.

आमतौर पर हर साल अप्रैल से आईटीआर भरना शुरू हो जाता है, और इस बार भी इसी महीने से इसकी शुरुआत हो सकती है. हालांकि, कर्मचारियों को रिटर्न फाइल करने से पहले फॉर्म 16 का इंतजार करना होगा, जो उनके टैक्स और सैलरी का पूरा ब्यौरा देता है.

BANK LOAN
INCOME TAX RETURN

आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2026 तय की गई है, इसलिए समय रहते तैयारी करना जरूरी है. दिलचस्प बात यह है कि 1 अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स कानून लागू हो चुका है, लेकिन इस साल भरे जाने वाले रिटर्न पुराने नियमों के तहत ही होंगे, जिससे टैक्सपेयर्स को ज्यादा बदलाव का सामना नहीं करना पड़ेगा. आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर विभाग ने आईटीआर-1 फॉर्म में बड़ा बदलाव किया है, जिससे अब आप दो मकानों से होने वाली आय दिखा सकते हैं. यह उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है, जो पहले सिर्फ एक घर की आय दिखाते थे, वे अब क्लियर टैक्स आईटीआर-1 का उपयोग कर सकते हैं.

> सैलरीड कर्मचारियों के लिए फॉर्म 16 एक अहम दस्तावेज होता है, जिसके बिना सही तरीके से रिटर्न भरना मुश्किल होता है। यह फॉर्म आमतौर पर नियोक्ताओं द्वारा जून तक जारी किया जाता है, इसलिए कई लोग इसके बाद ही आईटीआर फाइल करते हैं. यदि कोई व्यक्ति इस तारीख तक रिटर्न दाखिल नहीं करता है, तो उसे लेट फीस और अन्य दंड का सामना करना पड़ सकता है।इस साल एक बड़ा बदलाव यह है कि 1 अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स कानून लागू हो चुका है, जिसने पुराने 1961 के कानून की जगह ली है.

डीए में देरी से कर्मचारी हैं नाराज

60 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली,10 अप्रैल. केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता का इंतजार इस बार लंबा होता जा रहा है. जनवरी 2026 से लागू होने वाले डीए के ऐलान में देरी ने कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है.

इस बीच कर्मचारी संगठनों ने निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर जल्द घोषणा करने की मांग की है. हर साल सरकार मार्च के आसपास डीए बढ़ोतरी का ऐलान करती रही है, लेकिन इस बार अप्रैल तक भी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई. इससे कर्मचारियों के बीच तरह-तरह की आशंकाएं जन्म लेने लगी हैं—कुछ लोग तो यह तक सवाल उठा रहे हैं कि कहीं कोरोना काल की तरह डीए पर रोक तो नहीं लगाई जाएगी. हालांकि, मौजूदा गणनाओं के आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है, जिससे डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो सकता है. लेकिन जब तक सरकार की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं होती, तब तक असमंजस बना हुआ है.

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता का इंतजार इस बार असामान्य रूप से लंबा हो गया है. जनवरी 2026 से लागू होने वाले डीए के ऐलान में देरी ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के बीच असंतोष और चिंता बढ़ा दी है. इस मुद्दे को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने निर्मला सीतारमण से जल्द घोषणा करने की अपील की है. आल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल ने 9 अप्रैल 2026 को वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि डीए में हो रही देरी से कर्मचारियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बन गई है.

उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द डीए लागू किया जाए. आमतौर पर सरकार साल में दो बार डीए बढ़ोतरी की घोषणा करती है—जनवरी के लिए मार्च में (होली के आसपास) और जुलाई के लिए अक्टूबर-नवंबर (दिवाली के आसपास). पिछले वर्षों में भी इसी पैटर्न का पालन किया गया है.

भारतीय डॉक्टर ने रचा मेडिकल इतिहास

मुंबई से मस्कट तक रोबोटिक सर्जरी का कमाल

सीमा पार सर्जरी- भारत ने बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई, 10 अप्रैल. विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर, जिसका इस वर्ष का संकल्प है- स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ अटूट, कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है.

विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विस्मयकारी मिसाल पेश करते हुए, डॉ. टी. बी. युवराजा ने मुंबई में बैठकर मस्कट (ओमान) के मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला की सफल रोबोटिक रेडिकल नेफरेक्टोमी (किडनी निकालने की जटिल सर्जरी) संपन्न की. अत्याधुनिक मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम के जरिए अंजाम दी गई यह ऐतिहासिक प्रक्रिया भारत की पहली क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी मानी जा रही है. यह उपलब्धि उस भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम है, जहाँ भारतीय डॉक्टरों की विशेषज्ञता भौगोलिक सीमाओं को लांघकर दुनिया भर के मरीजों को वास्तव में जीवनदान दे सकेगी अत्याधुनिक रोबोटिक प्रणालियों और निर्बाध रियल-टाइम कनेक्टिविटी की मदद से, इस सर्जरी को असाधारण सटीकता और नियंत्रण के साथ पूरा किया गया. इस सफलता ने दुनिया के सामने क्रॉस-बॉर्डर रिमोट सर्जरी की विश्वसनीयता और क्लिनिकल सक्षमता का लोहा मनवाया है. यह क्रांतिकारी उपलब्धि अस्पताल के भविष्य के लिए तैयार और सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण ही संभव हो सकी है. कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, भारत का अग्रणी %सेंटर फॉर रोबोटिक सर्जरी% का केंद्र है और देश की पहली मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी यहां है. तीन अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स से लैस यह अस्पताल, मल्टी-डिसिप्लिनरी रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में देश का नंबर-1 निजी चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है. कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल्स के यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी (ग्रुप) डायरेक्टर, डॉ. टी. बी. युवराजा ने—जिनके पास 4200 से भी ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी का अनुभव है—इस ऐतिहासिक सफलता पर कहा-आज हम वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के वितरण में एक बुनियादी और क्रांतिकारी बदलाव के साक्षी बन रहे हैं. सीमाओं के पार %रियल-टाइम% में सर्जरी करने की क्षमता का सीधा अर्थ है कि अब बेहतरीन चिकित्सा विशेषज्ञता तक पहुँच भौगोलिक दूरियों की मोहताज नहीं रही. यह मील का पत्थर महज एक सफल ऑपरेशन नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भविष्य की स्वास्थ्य सेवाएँ भौतिक सीमाओं को कितनी तेजी से लांघ रही हैं. जैसे-जैसे तकनीक हमें सात समंदर पार भी सटीक उपचार पहुँचाने में सक्षम बना रही है, भारत इस महा-परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है.

> कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, डॉ. संतोष शेट्टी ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर कहा-यह विकास अस्पताल के तकनीकी नेतृत्व और रिमोट रोबोटिक सर्जरी में हमारी पिछली सफलताओं की अगली कड़ी है, जो मेडिकल इनोवेशन के क्षेत्र में हमारी अग्रणी स्थिति को और भी मजबूत करता है. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल और डॉ. युवराजा आधुनिक टेलीसर्जर की सीमाओं को लगातार नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं—इस बार भारत की सशक्त क्लिनिकल क्षमताओं का विस्तार मस्कट के एक कैंसर रोगी तक किया गया है. दुनिया भर की स्वास्थ्य प्रणालियाँ आज विशेषज्ञता और सुलभता के बीच की खाई को पाटने की कोशिश कर रही हैं. ऐसे में यह उपलब्धि एक बड़े बदलाव का शंखनाद है—एक ऐसा भविष्य जहाँ भौगोलिक दूरियाँ बेमानी होंगी, इलाज हर किसी की पहुँच में होगा और भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाएगा.

गोल्ड-सिल्वर में आई एक प्रतिशत तक की गिरावट

नई दिल्ली, 10 अप्रैल. कमोडिटी बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों का मूड कुछ ठंडा पड़ा.

एमसीएक्स पर दोनों कीमती धातुओं में करीब 1 प्रतिशत तक की कमजोरी देखने को मिली. इसका मुख्य कारण निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली और सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) की मांग में कमी को माना जा रहा है. हाल के दिनों में वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते सोना-चांदी में तेजी देखी गई थी, लेकिन अब निवेशक ऊंचे स्तरों पर मुनाफा बुक कर रहे हैं. सोना जहां 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास ट्रेड कर रहाहै, वहीं चांदी भी 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर के आसपास फिसलती नजर आई.

विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में अभी भी रुचि बनी हुई है, लेकिन मजबूत तेजी के लिए जरूरी मोमेंटम फिलहाल नजर नहीं आ रहा है. एमसीएक्स पर सोना करीब 0.56 प्रतिशत गिरकर 1,52,561 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच गया. वहीं, चांदी (5 मई वायदा) भी लगभग 0.7 प्रतिशत गिरकर 2,42,067 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई. कारोबार के दौरान सोने का इंट्राडे हाई 1,52,990 रुपये रहा, लेकिन बाद में इसमें कमजोरी आ गई और यह करीब 1,52,810 रुपये पर ट्रेड करता नजर आया. चांदी में भी इसी तरह का ट्रेंड देखने को मिला. शुरुआती कारोबार में मामूली तेजी के बाद इसमें गिरावट आई और यह 2,42,899 रुपये के स्तर तक फिसल गई. बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, यह गिरावट मुख्य रूप से शॉर्ट-टर्म मुनाफावसूली का नतीजा है, क्योंकि हाल के दिनों में कीमतों में अच्छी तेजी आई थी. विश्लेषकों का कहना है कि सोना फिलहाल 1,52,500 रुपये के ऊपर टिके रहने की कोशिश कर रहा है और निचले स्तरों पर खरीदारी देखी जा रही है.

पश्चिम मध्य रेल
म.रे.प्र. कार्यालय, टीआरडी शाखा, भोपाल-24.
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./478, दि. 08.04.2026

खुली ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल-टीआरडी-डीआरजी-डब्ल्यू सी-478. **कार्य का विवरण: भोपाल डिवीज़नः ओएचई वर्क फॉर यार्ड रिमोडलिंग ऑफ़ आरकेएमपी स्टेशन फॉर एडिशनल लूप इन अप एंड डाउन साइड टू रिडूउस क्रिस क्रॉस मूवमेंट एंड प्रोविसन ऑफ़ टू इस्टेबलिंग लाइन्स (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क)। कार्य समाप्त करने की अवधिः** 06 माह। **अनुमानित लागतः** ₹ 3,34,65,540.76. **ईएमडीः** ₹ 6,69,300/-. **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः** 30.04.2026 को 11.00 बजे तक।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

इंडिगो ब्लूचिप से एप्पल खरीद पर मिलेगा रिवॉर्ड

नई दिल्ली, 10 अप्रैल. देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो के ब्लूचिप सदस्य अब आईप्लेनेट पर एप्पल के उत्पाद खरीदकर रिवॉर्ड प्वाइंट पा सकते हैं. इंडिगो ने इसके लिए एप्पल के प्रीमियम पार्टनर आईप्लेनेट के साथ करार किया है. एयरलाइंस द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ब्लूचिप सदस्य आईप्लेनेट के समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से और देश भर में इसके 78 से अधिक खुदरा स्टोर पर की गयी खरीदारी पर इंडिगो ब्लूचिप्स कमा सकते हैं.

सवालों के घेरे में व्हाट्सअप की प्राइवेसी

वॉशिंगटन,10 अप्रैल. दुनिया के सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप व्हाट्सअप की प्राइवेसी एक बार फिर सवालों के घेरे में है. टेलीग्राम के सीईओ और पावेल दुराव जैसे बड़े टेक लीडर्स ने इस प्लेटफॉर्म की सुरक्षा पर खुलकर हमला बोला है.

मस्क ने जहां इसे भरोसे लायक नहीं बताया, वहीं डुरोव ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा एन्क्रिप्शन फ्रॉड तक कह दिया. यह पूरा विवाद अमेरिका में दायर एक क्लास एक्शन मुकदमे के बाद शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया है किव्हाट्सअप अपने यूजर्स के निजी मैसेज को इंटरसेप्ट कर रहा है और थर्ड पार्टी कंपनियों के साथ साझा कर रहा है. व्हाट्सअप की प्राइवेसी को लेकर छिड़ा विवाद अब वैश्विक बहस का रूप ले चुका है. हाल ही में कैलिफोर्निया के फेडरल कोर्ट में दायर एक क्लास एक्शन मुकदमे में दावा किया गया है कि कंपनी अपने यूजर्स के मैसेज को एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के बावजूद इंटरसेप्ट करती है. याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि ये डेटा अक्सेंचरे जैसी थर्ड पार्टी कंपनियों के साथ साझा किया जा सकता है.

यूजर्स के मैसेज पढ़ने के आरोप को मेटा ने साफ -साफ नकारा

मस्क ने एक्स चैट को बताया ज्यादा सुरक्षित विकल्प

हालांकि, मेटाप्लेटफॉर्म ने इन आरोपों को बेतुका और झूठा बताया है.

मार्क जुकेरबर्ग और एलॉन मस्क के बीच पहले से चल रही प्रतिद्वंद्विता भी इस बहस को और हवा दे रही है. इस पूरे घटनाक्रम ने यूजर्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वे जिस प्लेटफॉर्म पर रोजमर्रा की निजी बातचीत करते हैं, वह कितना सुरक्षित है. आने वाले समय में कोर्ट का फैसला और तकनीकी जांच इस मामले की सच्चाई को उजागर कर सकती है. फिलहाल, यह विवाद डिजिटल प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा पर एक बड़ी चेतावनी बनकर उभरा है.

भारतीय स्टेट बैंक
होम लोन सेन्टर-1
होम लोन सेन्टर-1, द्वितीय तल, व्यवसायिक शाखा बिल्डिंग, एलएचओ भवन के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल-11. फोन: 2575170, 2575192

चल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस

ई-नीलामी की दिनांकः 20.04.2026, समयः सुबह 11.00 से 5.00 बजे

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा कॉलम ग में नीचे वर्णित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्न-लिखित उधार लेने वालों और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूति लेनदार को बकाया राशि कॉलम ख में नीचे वर्णित की वसूली हेतु दिनांक 20.04.2026 को बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि कॉलम घ में क्रमशः नीचे वर्णित है।

ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम	विक्रय सम्पत्ति पर बकाया राशि	सम्पत्ति का विवरण एवं टाइटल धारक का नाम	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि
क	ख	ग	घ
श्री नवीन तिवारी पुत्र श्री एस. आर. तिवारी फ्लैटनं. 20, श्री होम्स, चूना भट्टी, भोपाल	रू. **8,28,917.00** +ब्याज+अन्य खर्च	Glanza V Petrol (MT) D24GM/TOYOTA **MP-04-YG-2615** (Petrol) Café White, Model -2024 संपत्ति आईडी : SBINMP04YG2615	रू. **7,00,000/-** रू. **70,000/-** रू. **5,000/-**
श्री नरेन्द्र सिंह गौर पुत्र श्री यतेन्दर सिंह गौर सी-49, पैलेस ऑर्चेड, कोलार रोड, भोपाल	रू. **16,29,555.00** +ब्याज व अन्य खर्च	GRAND VITARA STRONG HYBRID ZETA+ **MP-04-YD-5013** (Petrol) Colour Prime Celestial Blue, Model - 2024 संपत्ति आईडी : SBINMP04YD5013	रू. **12,60,000/-** रू. **1,26,000/-** रू. **5,000/-**

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीदारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक ई-नीलामी वेब पोर्टल www.baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्ट्रेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्ति से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। ई-नीलामी **'जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है'** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया बैंक द्वारा संचालित की जावेगी । वेब पोर्टल : www.baanknet.com ऑनलाईन नीलामी बिक्री टेंडर दस्तावेज, ऑनलाईल ई-नीलामी निविदा फार्म, घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते वेबसाईट पर उपलब्ध है । विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्योरे के लिए कृप्या कॉमन गवर्नमेंट पोर्टल पर जाएं अर्थात www.baanknet.com (वेबसाईट का ब्योरा) देखें।

वाहन निरीक्षण दिनांक 17.04.2026 समय सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक (पूर्व में लिए समय अनुसार) 1) 06 दिन पहले रजिस्ट्रेशन एवं ईएमडी राशि वॉलेट में ई-नीलामी की दिनांक से 2 दिन पूर्व जमा करना, सुनिश्चत करें, 2) रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी के लिए 8291220220, ई-मेल: support.baanknet@psballiance.com

यह प्रकाशन ऋणी/जमानतदारों/बंधनकर्ताओं को लोन अनुबंध के अंतर्गत 07 दिवसीय सूचना भी है।
नोटः नीलामी सम्बधित अंतिम नियम/शर्ते व निर्णय भारतीय स्टेट बैंक के पास सुरक्षित है।

दिनांक : 11.04.2026
प्राधिकृत अधिकारी

डिजिटल फ्रॉड पर अब लगेगी रोक

नई दिल्ली, 10 अप्रैल. देश में तेजी से बढ़ते डिजिटल फ्रॉड के बीच आरबीआई एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है. अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो 10,000 से ज्यादा के ऑनलाइन पेमेंट तुरंत नहीं होंगे, बल्कि उनमें 1 घंटे का होल्ड लगाया जा सकता है.

इस कदम का मकसद यूजर्स को गलत ट्रांजैक्शन को रोकने या कैंसिल करने का मौका देना है. आज के समय में एनपीसीआई के जरिए होने वाले ज्यादातर डिजिटल ट्रांजैक्शन सेकंड्स में पूरे हो जाते हैं. लेकिन इसी तेजी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर करते हैं. आरबीआई का मानना है कि यह 1 घंटे की देरी यूजर्स को सोचने और फ्रॉड से बचने का जरूरी समय देगी.

इसके साथ ही 'किल स्विच' और 'ट्रस्टेड पर्सन' जैसे नए फीचर्स भी प्रस्तावित हैं, जो डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बना सकते हैं. इस प्रस्ताव में सीनियर सिटीजंस और दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा का प्रावधान भी शामिल है. 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 50,000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर एक ट्रस्टेड पर्सन की मंजूरी अनिवार्य हो सकती है. इसके अलावा, यूजर्स को व्हाइटलिस्ट फीचर भी मिलेगा, जिससे वे भरोसेमंद लोगों या मर्चेंट्स को जोड़ सकेंगे और उनके साथ होने वाले ट्रांजैक्शन में देरी नहीं होगी. एक और महत्वपूर्ण सुझाव किल स्विच का है. इसके तहत अगर किसी यूजर को लगे कि उसका अकाउंट हैक हो गया है, तो वह एक क्लिक से अपनी सभी डिजिटल पेमेंट सेवाओं को तुरंत बंद कर सकेगा. यह फीचर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल सुरक्षा प्रदान करेगा. नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑल इंडिया और बैंकों के साथ मिलकर आरबीआई इस प्रस्ताव के तकनीकी पहलुओं पर काम कर रहा है.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

IDFC FIRST Bank

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	152423265	होम लोन	03.03.2026	9,00,882.52/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. अमृत लाल 2. मोशम बाई

संपत्ति का पताः वह संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका पीएच नं. 41, प्लॉट/मकान नंबर 48, ब्लॉक/खसरा नंबर 38 है, कुल प्लॉट क्षेत्र 1356 वर्ग फुट (126.00 वर्ग मीटर), निर्मित क्षेत्र ग्राउंड फ्लोर, आरसीसीसी 1356 वर्ग फुट (126.00 वर्ग मीटर), निर्मित क्षेत्र फ्लोर। ग्राम लाल्यातलाई, तहसील और जिला राजगढ़, राम मंदिर के पास, राजगढ़, म.प्र. - 465661 में स्थित 806 वर्ग फुट (74.907 वर्ग मीटर) का आर.सी.सी. भूखंड। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तरः सामान्य सड़क, दक्षिणः स्वयं की भूमि और चैन सिंह का घर, पूर्वः पर्वत सिंह का घर (प्लॉट 49 पी), पश्चिमः स्वयं का भूखंड।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
2	60941206	संपत्ति के बदले ऋण	18.03.2026	3,66,367.67/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. अरविंद सिंह 2. बद्रीलाल बोदर 3. फुलकुंवर बोदर

संपत्ति का पताः मध्य प्रदेश राज्य-465697 के राजगढ़ जिले के सारंगपुर जिले की सारंगपुर नगर पालिका, वार्ड संख्या 16, तलनी में स्थित मकान संख्या 124/1 के बाहरी हिस्से में स्थित अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 25x25 = 625 वर्ग फुट (58.08 वर्ग मीटर) है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः आरसीसी रोड कॉमन वे, पश्चिमः कंवरलाल जी का मकान, उत्तरः मोहन सिंह का मकान, दक्षिणः बाबू सिंह का मकान।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
3	145074875	संपत्ति के बदले ऋण	03.03.2026	7,56,049.39/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. गिर्राज सिंह मीना 2. गायत्री बाई मीना 3. रामदयाल मीना

संपत्ति का पताः सर्वे संख्या 119, पीएच नं. 75, मकान संख्या 06, पट्टा संख्या 25 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल प्लॉट क्षेत्रफल 5031 वर्ग फुट है, निर्मित क्षेत्र ग्राउंड फ्लोर (आर.सी.सी. सहित) और कुल क्षेत्रफल 1075 वर्ग फुट है, जो ग्राम खड़कपुर, पोस्ट झागर, तहसील बामोरी, जिला गुना, मंदिर के पास, गुना, मध्य प्रदेश- 473105 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तरः सड़क, दक्षिणः स्वयं की भूमि, पूर्वः स्वयं की भूमि/दीपक शर्मा का मकान, पश्चिमः लालू मीना का मकान।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
4	140811894	संपत्ति के बदले ऋण	14.03.2026	5,64,414.68/-

ऋणकताओं और सह-ऋणकताओं के नामः 1. रामदयाल जगन्नाथ 2. हुकुम बाई 3. राहुल सेन

संपत्ति का पताः प्लॉट संख्या 148 (पी) का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 171 वर्ग मीटर और निर्मित क्षेत्र 171 वर्ग मीटर है, सर्वे संख्या 260/1/1 (बी), पी.एच. संख्या 43, ग्रामः कचारी, तहसीलः राजगढ़, जिलाः राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व में गोपाल और नथुलाल का घर, पश्चिम में रामचंद्र और मंजुबाई का घर, उत्तर में जगदीश और दरियाव सिंह का घर, दक्षिण में सड़क।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांकः 11.04.2026
स्थानः मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)